पेज थ्री
देहरादून
हमारा दून
देहरादून, बुधवार, 15 सितंबर 2021
पेज 8


भू–माफिया के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए यूकेडी के कार्यकर्ता।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार के प्रयासों एवं जनसहयोग से आगे बढ़ रही आयुष्मान योजना

**संवाददाता** देहरादून। राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से संचालित आयुष्मान योजना के अंतर्गत हर सप्ताह 4500 से अधिक मरीज मुफ्त उपचार के लिए सूचीबद्ध अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। वहीं आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर भी लोगों की सक्रियता बढ़ रही है। बीते सप्ताह भर में ही 8500 से अधिक लाभार्थियों ने अपने कार्ड बनाए हैं। आज 14 सितंबर तक 336725 बार मरीजों ने आयुष्मान योजना से मुफ्त उपचार लिया है। जिस पर सरकार के 4 अरब 53 करोड़ से ऊपर खर्च हो चुके हैं। जनहित की इस योजना के प्रसार के साथ ही लोग आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर जागरूक भी हो रहे हैं।

### भू–माफिया के खिलाफ यूकेडी का प्रदर्शन, भू–कानून लागू करने की भी मांग

**संवाददाता** ऋषिकेश। उत्तराखंड क्रांति दल ने मंगलवार को डोईवाला विधानसभा के कोडसी और रखवाल गांव के ग्रामीणों के साथ मिलकर भू माफिया के खिलाफ धरना–प्रदर्शन और नारेबाजी की। इसके साथ ही भू कानून लागू करने की मांग भी की है। उत्तराखंड क्रांति दल के वरिष्ठ नेता शिवप्रसाद प्रसाद सेमवाल ने कहा कि भाजपा सरकार ने पूर्व राजस्व मंत्री दिवाकर भट्ट की ओर से बनाए गए कड़े कानून को समाप्त कर दिया है, जिससे उत्तराखंड में भू माफिया और बाहरी खरीददार जमकर जमीनों की खरीद–फरोख्त कर रहे हैं।

### चारधाम यात्रा शुरू करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने विस के बाहर किया विरोध प्रदर्शन

**संवाददाता** देहरादून। चारधाम यात्रा शुरू करने की मांग को लेकर कांग्रेस ने विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, सेवादल, एनएसयूआइ, महानगर कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं ने धरना दिया। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष सरिता आर्य ने कहा कि चारधाम यात्रा बंद रहने से प्रदेश के लाखों युवा बेरोजगार घूम रहे हैं।

### नैनीताल बैंक के प्रबंध निदेशक दिनेश पंत ने सीएम से की शिष्टाचार भेंट

**संवाददाता** देहरादून। नैनीताल बैंक की स्थापना के सौवें वर्ष के कार्यक्रमों की श्रंखला के मध्य बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश पंत के नेत्रत्व में बैंक का एक प्रतिनिधि मण्डल प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से सोमवार को उनके आवास पर मिला तथा उनसे बैंक के व्यवसाय में यथासंभव सहयोग करने के लिए एक ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर बैंक के प्रबंध निदेशक नें मुख्य मंत्री पुष्कर सिंह धामी को एक स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

# मुख्यमंत्री ने कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये

**समीक्षा**

■ सीएम ने ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना की समीक्षा की

■ योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन स्थित रेल विकास निगम के कार्यालय में की समीक्षा

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रेल विकास निगम के अधिकारियों के साथ ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन स्थित रेल विकास निगम के कार्यालय में परियोजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अभी तक बेहतर समन्वय से काम किया जा रहा है। आगे भी इसे बनाए रखने की जरूरत है। राज्य सरकार द्वारा हर सम्भव सहयोग किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चार धाम सड़क परियोजना के साथ ही ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की उत्तराखण्ड को बड़ी देन है। वह समय दूर नहीं, जब पहाड़ में रेल का सपना पूरा होगा। इससे राज्य की आर्थिकी में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा।



ऋषिकेश–कर्णप्रयाग रेल परियोजना के मुख्य परियोजना प्रबंधक श्री हिमांशु बडोनी ने प्रस्तुतिकरण के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि मार्च 2024 तक परियोजना को पूर्ण किए जाने के लक्ष्य के साथ काम किया जा रहा है। अभी तक परियोजना में अपेक्षानुरूप गति से काम हुआ है। ऋषिकेश के बाद परियोजना मुख्यतः अंडरग्राउंड है। भूमि अधिग्रहण किया जा चुका है। इस रेल लाईन पर 12 स्टेशन और 17 टनल बनाये जा रहे हैं। काम निर्धारित समयावधि में पूरा किया जा सके, इसके लिए विभिन्न स्थानों पर एक साथ काम चल रहा है। एप्रोच रोड़ पहले ही बनाई जा रही हैं। रेल परियोजना के निर्माण में राज्य सरकार का पूरा सहयोग मिल रहा है।

बडोनी ने बताया कि रेल विकास निगम द्वारा अनेक जनकल्याणकारी काम किए जा रहे हैं। श्रीनगर में 52 बेड का संयुक्त चिकित्सालय बनाया जा रहा है। ऑक्सीजन प्लांट भी बनाए गए हैं। रेल परियोजना की बेल्ट को हॉर्टिकल्चर और हनी बेल्ट के रूप में विकसित किए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया जा रहा है।

बैठक में विधानसभा अध्यक्ष प्रेम चंद अग्रवाल, कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल, सचिव आर मीनाक्षी सुन्दरम, रंजीत सिन्हा, रेल विकास निगम के अपर महाप्रबंधक विजय डंगवाल, वरिष्ठ परियोजना प्रबंधक ओमप्रकाश मालगुडी, अपर महाप्रबंधक सुमित जैन, अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री ने योग नगरी ऋषिकेश रेलवे स्टेशन और गुल्लर डोगी, टिहरी में परियोजना के तहत बनाई जा रही टनल का स्थलीय निरीक्षण भी किया।

### सीएस ने ली चीनी मिल में ईथेनॉल प्लांट की स्थापना के संबंध में बैठक

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ एस.एस.संधु की अध्यक्षता में उनके सचिवालय सभागार में बाजपुर(ऊधमसिंहनगर) चीनी मिल में ईथेनॉल प्लांट की स्थापना के संबंध में बैठक आयोजित की गई। चीनी मिलों की आर्थिक स्थिति को अधिक सुदृढ़ किये जाने के उद्देश्य से बाजपुर चीनी मिल परिसर में 100 के.एल.पी.डी क्षमता से प्रस्तावित पी.पी.पी मोड पर बी–हेवी मोलासिस इथेनॉल प्लांट के सम्बन्ध में मुख्य सचिव ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि इस प्लांट को शीघ्रता से स्थापित करने की स्पष्ट टाइमलाइन बना लें। उन्होंने निर्देशित किया कि इस सम्बन्ध में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय भारत सरकार की वांछित अनापत्ति शीघ्रता से प्राप्त की जाए तथा अन्य प्रक्रिया को भी तेजी से पूरा किया जाए।

इस दौरान उन्होंने कहा कि बाजपुर सहकारी चीनी मिल परिसर में जो भी निर्माण गतिविधियां संचालित की जानी है तथा किस उत्पाद निर्माण से किस तरह का आउटकम मिलता है उन सभी का विवरण भी प्रस्तुत करने को कहा।

# उत्तराखंड के नवनियुक्त राज्यपाल गुरमीत सिंह का हुआ स्वागत

**स्वागत**

■ आज होगा शपथ ग्रहण, राज्यपाल के शपथ समारोह की व्यवस्था संभालेंगे 17 अधिकारी

**संवाददाता**

देहरादून। उत्तराखंड के नवनियुक्त राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) गुरमीत सिंह उत्तराखंड पहुंच गए हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत, गणेश जोशी और स्वामी यतीश्वरानंद ने उनका स्वागत किया। नवनियुक्त राज्यपाल के आगमन पर पुलिस ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर गढ़वाल कमिश्नर रविनाथ रमन, डीआइजी नीरू



गर्ग, जिलाधिकारी देहरादून डा. आर राजेश कुमार, एसएसपी जन्मेजय खंडूरी उपस्थित थे।

ले. जनरल (सेनि.) गुरमीत सिंह को उत्तराखंड का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह 14 सितंबर को दून पहुंचे। 15 सितंबर को उनका शपथ ग्रहण समारोह है। उनके आगमन से लेकर शपथ ग्रहण तक की व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी समेत 17 अधिकारियों की तैनाती की है।

सोमवार को जारी किए गए आदेश के मुताबिक अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जीसी गुणवंत मनोनीत राज्यपाल के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर आगमन से लेकर शपथ ग्रहण तक की व्यवस्था के प्रभारी अधिकारी रहेंगे। व्यवस्था में तैनात किए गए विभिन्न अधिकारी अपर जिलाधिकारी के ही निर्देशन में काम करेंगे।

वहीं, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डा. शिव कुमार बरनवाल को भी अतिरिक्त रूप से राजभवन की व्यवस्था का प्रभारी अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह सिटी मजिस्ट्रेट समेत विभिन्न उप जिलाधिकारी, मुख्य चिकित्साधिकारी व जिला स्तर के अधिकारियों को भी अलग–अलग जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### अपर मुख्य सचिव ने ली सड़कों को गड्ढामुक्त करने को एक बैठक

**संवाददाता** अपर मुख्य सचिव, मुख्यमंत्री आनन्द बर्द्धन ने सड़कों को गड्ढामुक्त करने हेतु एक बैठक ली। बैठक में बरसात तथा अन्य विकास योजनाओं के कारण सड़क पर हुए गड्ढों से यातायात में होने वाली असुविधा तथा जाम की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गयी। अपर मुख्य सचिव द्वारा निर्देश दिए गए कि लोक निर्माण विभाग व नगर निकायों द्वारा 15 सितम्बर से 30 अक्टूबर तक चरणबद्ध रूप से सड़कों को गड्ढामुक्त करना सुनिश्चित करें। बैठक में संबंधित जिलाधिकारियों को सड़कों को गड्ढामुक्त करने से संबंधित साप्ताहिक/नियमित समीक्षा करने तथा प्रगति से शासन को अवगत कराने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण के अतिरिक्त सचिव, वित्त/नगर विकास/आवास/आपदा प्रबन्धन, एम.डी.डी.ए., मुख्य नगर अधिकारी विभागाध्यक्ष लोक निर्माण/आवास उपस्थित थे।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+

Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।